तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

12 देशभक्त बनाता है संघ : रूपनारायण



11 भाजपा जिलाध्यक्ष पवन बने पहले सक्रिय सदस्य...



## खबर संक्षेप

### डेढ़ किलो गांजा के साथ युवक पकड़ाया



**बालोद।** जिला मुख्यालय में कोतवाली पुलिस ने गांजा की बिक्री करने ग्राहक की तलाश कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से डेढ़ किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के जवाहर पारा निवासी अरमान खान उर्फ राजा पठान 1 किलो 507 ग्राम गांजा रखा था, जिसे कुंदरू पारा स्थित श्मशान घाट के पास बिक्री करने ग्राहक की तलाश कर रहा था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने युवक को हिरासत में लिया और जांच के दौरान उसके पास से गांजा बरामद हुआ।

### 2250 रुपए जब्त 5 जुआरी पकड़ाए

**बालोद।** देर रात रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेलने वाले 5 जुआरियों पर पुलिस ने धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम जगन्नाथपुर सांकरा में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे थे। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस की टीम कार्रवाई करने पहुंची। जहां ग्राम जगन्नाथपुर सांकरा में तालाब पार के पास गिरधर यादव, छगन लाल कश्यप ऊर्फ बबलू, चोवाराम पटेल, गोपी बघेल, राजेश साहू को ताश से जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने फड़ से 2250 रूपये व 52 पत्ती ताश जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) जुआ अधिनियम के तहत मौके पर कार्रवाई की गई।

### ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर की बैठक आज

**गुरूर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर की बैठक 21 अक्टूबर को 11 बजे सिन्हा सदन गुरूर में रखी गई है। बैठक में संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा व पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा उपस्थित रहेंगे। बैठक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर के पदाधिकारी, ब्लाक में निवासरत जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, एनएसयुआई, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवादल, पिछड़ा वर्ग, अजा, अल्पसंख्यक विभाग, आदिवासी कांग्रेस एवं समस्त विभाग, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, समस्त जोन, सेक्टर एवं बूथ अध्यक्ष सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

विडंबना : शिक्षकों ने कहा- मरम्मत की जरूरत नहीं थी, कार्य के बाद बढ़ गई परेशानी

# शासकीय विद्यालय कांदुल का हुआ जीर्णोद्धार, किसने करवाया पता नहीं !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





पूर्व माध्यमिक शाला कांदुल में लाखों की लागत से किया गया जीर्णोद्धार का कार्य अजूबा बन गया है। कार्य किसने करवाया कोई नहीं जानता। इधर शाला मरम्मत के कार्य से शाला के शिक्षक असंतुष्ट हैं, क्योंकि पहले कोई समस्या नहीं थी, लेकिन मरम्मत के बाद पैदा हो गई है।

गुण्डरदेही विकास खंड के ग्राम कांदुल के पूर्व माध्यमिक शाला में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत मरम्मत कार्य कराया गया है। जिले में इस योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को लोक निर्माण विभाग या ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा कराया गया है। मगर पूर्व माध्यमिक शाला कांदुल में कराए गए कार्य को दोनों ही विभाग ने नहीं कराने का दावा किया है। वहीं, शिक्षकों को भी नहीं पता कि कार्य किसने किया है। बड़ा सवाल यह है कि फिर इस कार्य को किसने कराया। बहलहाल शाला मरम्मत का कार्य जिसने भी कराया हो, इस कार्य पर शाला के शिक्षकों ने असंतुष्टि जाहिर की है। शिक्षकों ने कहा कि भवन की जरुरत के हिसाब से कार्य नहीं हुआ। इस कार्य ने शिक्षकों व बच्चों की समस्या बढ़ा दी है। शिक्षकों के अनुसार कार्य कराने के पहले शाला भवन में कोई समस्या नहीं थी, लेकिन कार्य कराने के बाद छत एवं दीवारों में नमी एवं सीलन आने लगी है। शिक्षकों का कहना है कि शाला भवन में मरम्मत की आवश्यकता ही नहीं थी, मरम्मत क्यों कराई गई, यह समझ से पर है।

### अधिकारियों ने मरम्मत कार्य से किया इनकार

अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग गुण्डरदेही घनश्याम सिन्हा ने कहा कि पूर्व माध्यमिक शाला कांदुल में हमने मरम्मत कार्य नहीं किया है। वहीं, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग गुण्डरदेही बीके गोठी ने भी इस स्कूल में मरम्मत कार्य नहीं कराने की बात कही है।

### कार्य के बाद बढ़ गई समस्या

पूर्व माध्यमिक शाला कांदुल के प्रधान पाठक झग्गर राम देवांगन ने कहा कि हम मरम्मत के कार्य से बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हैं। कार्य के बाद समस्या बढ़ गई है। छत पहले भी मजबूत थी। कार्य किसने करवाया हम नहीं जानते। ठेकेदार के लोग हमारी सुनते ही नहीं थे। कार्य किसने कराया हम नहीं जानते। कार्य स्थल पर कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगा है।

# सैकड़ों पेड़ों को काटकर जमीन पर कर लिया कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ग्राम पंचायत बड़भूम के आश्रित ग्राम पेटेचुवा का मामला

जिले के गुरुर ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत बड़भूम के आश्रित ग्राम पेटेचुवा में दो अलग जगहों पर सैकड़ों पेड़ों को काट कर धराशाई करने के साथ ही जमीन अधिक्रमण करने का आरोप ग्रामीण लगा रहे हैं। इस संबंध में सरपंच व ग्रामीणों ने राजस्व विभाग गुरुर में शिकायत की है।

मिली जानकारी के अनुसार वनांचल ग्राम पेटेचुवा में जमीन अधिग्रहण और जंगली व फलदार पेड़ों को काटने का मामला सामने आया है। जहाँ दो जगहों पर भूमि मालिकों द्वारा अपनी निजी जमीन से ज्यादा जमीन पर अतिक्रमण कर सैकड़ों पेड़ों को काट दिया गया है। कई पेड़ों को जेसीबी मशीन से उखाड़ दिया गया है। रात के अँधेरे में जंगली व फलदार पेड़ों के गोलों को गायब भी कर दिया गया, लेकिन संबंधित विभाग के लोगों को पता ही नहीं चला और पूरी जमीन मैदान नजर आने लगी। सुखदुराम टेकाम, नरेन्द्र बघेल, भगवानसिंह मंडावी, शंभुराम गावडे, चतुरसिंह, नागेश सलाम सहित अनेक ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में एक आदिवासी व्यक्ति के नाम पर मात्र 84 डिसमिल जमीन है, लेकिन उसने 1.50 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है।

वहीं, दूसरी जमीन सामान्य वर्ग की है जिसका कुल रकबा 1.27 एकड़ है, लेकिन उसने लगभग 5 एकड़ पर अतिक्रमण कर लिया है। उसने सैकड़ों पेड़ों को काट कर मैदान बना दिया है।

# खुरसुनी में जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

- नल-जल योजना के तहत कार्य के दौरान खोदे गए गड्ढों की नहीं की भराई
- गांव की गलियों में बह रहा पानी, लोगों का गुजरना हुआ मुश्किल



नलजल योजना के तहत विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम खुरसुनी सहित मोहंदीपाठ, देवरी द, देवसरा, गोड़ेला, बघेली, बम्हनी में घर-घर पर्याप्त पेयजल पहुंचाने का सपना आज तक साकार नहीं हो सका, लेकिन खुरसुनी में निर्माण एजेंसी की लापरवाही का दंश ग्रामीण झेल रहे हैं।

गांव में पाईप बिछाने के लिए खोदे गये गड्ढे की फिलिंग नहीं किए जाने के कारण गली में चलना मुश्किल हो गया है। अब घरों से निकलने वाला पानी गली में जाम होने से गली में गुजरना व पैदल चलना खासतौर पर बुजुर्गों के लिए मुश्किल भरा हो गया है। बारिश होने से गांव की गलियों में पानी रुक रुक कर बहने व घरों से निकासी पानी जाम होने के कारण गलियों में कीचड़ और बदबू के कारण बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। वहीं, मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। ग्राम के सेवानिवृत्त शिक्षक राम्हू साहू, दुष्यंत कुमार साहू, गजेन्द्र चन्द्राकर ने बताया कि कई बार ग्राम में पहुंचे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ग्राम पंचायत को समस्या की जानकारी देकर, इसका समाधान करने का आग्रह किया गया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। गौरतलब हो कि पिछले वर्ष जेवरतला व समीपस्थ ग्राम खुर्सीपार में पेयजल में लापरवाही से उल्टी दस्त से प्रभावित होने के बाद भी अधिकारी-अधिकारी सबक नहीं ले रहे हैं। वहीं छोटे-छोटे बच्चे व बुर्जुगों को गलियों में आने जाने में दिक्कत होती है। आए दिन ग्रामीण फिसलकर घायल होते रहते हैं, वहीं साइकिल व पैदल चलने काफी दिक्कत है। गौरतलब है कि खुरसनी में नल जल योजना के तहत महीने में कई दिनों तक केमिकल की कमी का बहाना बताकर ग्रामीणों को समय पर पानी नहीं दिया जाता।

पानी में प्रेशर नहीं होने के कारण सीधे पाइप से पानी भरना ग्रामीणों की मजबूरी बन गई। ग्रामीण इन दिनों दीपावली में घरों की साफ सफाई कर रहे हैं, लेकिन गंदे पानी की बदबू से निजात नहीं मिल रही है।

### फीलिंग करवाए विभाग

ग्राम पंचायत खुरसुनी सरपंच लोमन बारले ने कहा कि नल-जल योजना के कार्यों में ठेकेदार व विभाग द्वारा लापरवाही बरती गई है। समय रहते उखाड़े गए सीसी रोड में नाली में फिलिंग करवाई जाए, ताकि ग्रामीणों को परेशानी से राहत मिल सके।

# ग्रामीणों ने की निर्माण में लापरवाही की शिकायत



**गुरुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दियाबाती से कंवर मार्ग पर ग्राम नरबदा के पास नाली का निर्माण किया जा रहा है। नाली निर्माण के लिए छड़ों से जाली बांधने का कार्य किया जा रहा है। नाली में बांधी जा रही छड़ों की ऊंचाई कम होने एवं जाली में दो छड़ों के मध्य दूरी अधिक होने की शिकायत ग्रामीण कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां लगातार ऐसे ही कार्य चल रहा है, पर इसे देखने ना अधिकारी आ रहे हैं और ना ही ठेकेदार के लोग। मिस्त्री व मजदूरों के भरोसे ही कार्य चल रहा है। ऐसी भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि जिम्मेदारों की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर निर्माण कार्य में लगे लोगों द्वारा ऐसा किया जा रहा होगा। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण की अच्छी गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार लोगों को इसकी निगरानी पर ध्यान देना होगा।






ग्राम पेटेचुवा के ग्रामीणों ने कहा- प्रशासन को दिया गया अल्टीमेटम की अवधि समाप्त

# पोल्ट्रीफार्म बंद कराने के लिए की जा रही आंदोलन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- अब आसपास के गांवों के लोगों को साथ लेकर किया जाएगा प्रदर्शन



जिले के वनांचल ग्राम पेटेचुवा के ग्रामीणों द्वारा पोल्ट्रीफॉर्म संचालक के खिलाफ कार्रवाई व पोल्ट्रीफॉर्म को बंद करने की माँग ग्रामीणों द्वारा की गई थी। इसके लिए उन्होंने प्रशासन को दस दिन का अल्टीमेटम दिया था। लेकिन, समय बीत जाने के बावजूद अब तक कोई भी कार्रवाई पोल्ट्रीफॉर्म के खिलाफ नहीं की गई है। इसे देखते हुए ग्रामीण अब धरना प्रदर्शन करने की तैयारी में जुट गए हैं। अब वे नजदीक के गांवों से और अन्य समाज से धरना प्रदर्शन में सहयोग की अपील कर रहे हैं। ग्रामीणों ने ग्राम पेटेचुवा में संचालित पोल्ट्रीफॉर्म में अनेक अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की थी। ज्ञापन सौंपकर पोल्ट्री फॉर्म बंद कर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन अल्टीमेटम का समय बीत जाने के बावजूद प्रशासन स्तर पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीण नागेश सलाम, गीता बाई गावड़े, सुखदुराम टेकाम, नरेन्द्र बघेल ▶▶| शेष पेज 11 पर

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

### 15 जुआरी पकड़ाए, फड़ से 7300 जब्त

**बालोद।** पुलिस ने 02 दिवस में जुआ खेलते 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना बालोद क्षेत्र में जुआ में दांव लगाते आरोपियों के फड़ से कुल 7,330 रूपए को जब्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19-20 अक्टूबर की रात्रि में थाना बालोद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निपानी, जगन्नाथपुर, जवाहरपारा बालोद में जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। इस पर थाना बालोद द्वारा संयुक्त छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान 15 जुआरियों को मौके पर पकड़ा गया। मौके पर जुआरियों के कब्जे से 7,330 रूपए नकदी रकम, ताश के 52 पत्ते जब्त किया गया है। आरोपियों का कृत्य धारा 3(2) सार्वजनिक छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का पाए जाने से थाना बालोद में क्रमश अपराध क्रमांक 516, 520, 521/2024 का अपराध पंजीबद्ध कर 15 आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया।

# हवाई सेवा से जुड़ेगा सरगुजा, पीएम मोदी करेंगे वर्चुअल महामाया एयरपोर्ट का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। आदिवासी बहुल क्षेत्र सरगुजा हवाई सेवा से जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्टूबर को मां महामाया एयरपोर्ट अम्बिकापुर का वर्चुअल रूप से लोकार्पण कर सरगुजावासियों को यह सौगात देंगे। हवाई सेवा से जुड़ने से सरगुजा सम्भाग के समस्त जिलों सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। विमान सेवा से जुड़ने पर सरगुजा सम्भाग में पर्यटन, वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा व आवागमन की सुविधा के विस्तार के साथ क्षेत्रवासियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## पर्यटन, वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा




### राज्यपाल डेका व सीएम साय होंगे शामिल

अति विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर के लोकार्पण समारोह का कार्यक्रम अपरान्ह 3 बजे से शुरू हो जाएगा। राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपरान्ह 3 बजे से 3.15 बजे तक एयरपोर्ट का भ्रमण एवं अवलोकन करेंगे। तत्पश्चात स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत एवं भेंट, दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों का उद्बोधन होगा। सायं 4.00 बजे वाराणसी से लाइव प्रसारण की शुरुआत होगी, 4.05 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से मां महामाया एयरपोर्ट का शुभारंभ होगा तथा 4.05 से 4.20 बजे तक प्रधानमंत्री का उद्बोधन होगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को वाराणसी से अपरान्ह 4 बजे बजे मां महामाया एयरपोर्ट अम्बिकापुर का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इस समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू जी किंजरापु, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त एवं प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, अध्यक्ष राज्य युवा आयोग विश्व विजय सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे।

# एनएचआई पर चक्काजाम करने निकले डीएड बीएड प्रशिक्षित, पुलिस ने ब्रिज के पास रोका

## धरनास्थल की लाइट बंद, खाना बनाने में अड़चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड कर्मचारी संघ के आव्हान पर डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने तूता स्थित धरनास्थल से नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने अंडरब्रिज के पास रोक दिया। लामबंद अभ्यर्थी प्रदेशभर में रिक्त 33 हजार शिक्षकों के पदों पर जल्द भर्ती की मांग को लेकर चक्का जाम करने निकले। भुक्तभोगियों का कहना है, रैली निकालने के बाद धरनास्थल की लाइट बंद करा दी गई। पंडाल स्थल पर खाना बनाने से रोका गया ।

- **प्रदेशभर से जुटे अभ्यर्थी, 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की मांग को लेकर प्रदर्शन**

7 सूत्रीय मांगों को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदेशभर के डीएड-बीएड अभ्यर्थी अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है, प्रदेशभर के स्कूलों में शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों की भर्ती जल्द की जाए। आंदोलनकारी शनिवार को शाम 4 बजे धरनास्थल से नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने निकले। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के जवान धरनास्थल पर तैनात किए गए।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष दाउद खान ने बताया कि शासन-प्रशासन से अब तक डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की सुध नहीं ली है। इसीलिए बाध्य होकर नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करने उतरना पड़ा।



**ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोका, सड़क पर घंटों बैठे रहे प्रदर्शनकारी**

धरनास्थल से थोड़ी दूर जाने के बाद डीएड-बीएड प्रशिक्षितों को पुलिस के जवानों ने ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर आगे बढ़ने से रोक दिया। इससे नाराज अभ्यर्थी सड़क पर बैठकर विरोध जताते रहे। पुलिस प्रशासन ने उन्हें समझाइश दी। देर शाम तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहा।

### प्रमुख मांग

- प्रदेश के स्कूलों में रिक्त 33 हजार शिक्षको के भर्ती की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ हो, जिसमें संकाय विषय के पद सम्मलित हो।
- शिक्षक वर्ग 2 की भर्ती विषयवार करने की मांग।
- युक्तिकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद किये जाने के सरकारी फैसला को निरस्त किया जाए।
- स्कूल शिक्षा विभाग के 2008 के सेटअप को यथावत रख कर नई भर्तियों की कार्यवाही जल्द पूर्ण हो।
- आगामी शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग को 5 फीसदी छूट प्रदान करने की मांग
- प्रदेश के स्कूलों में छत्तीसगढ़ी पीजी डिप्लोमा धारियों के लिए पद सृजित कर उनके पदों पर भर्ती की जाए।
- डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को उम्र में अतिरिक्त छूट प्रदान करने की मांग।

### डाटा एंट्री आपरेटरों ने दिया धरना, 2 सूत्रीय मांग

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के बैनर तले प्रदेशभर के डाटा एंटी आपरेटरों ने अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। 7 माह से वेतन नहीं मिलने से प्रदेशभर के 2739 धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर के समक्ष आजीविका का संकट बना हुआ है। भुक्तभोगियों का



कहना है, दीपावली त्योहार से पूर्व उनके लंबित वेतन का भुगतान किया जाए। साथ ही 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान किया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर डाटा एंट्री आपरेटर 21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। वहीं 22 तारीख को वित्तमंत्री निवास घेराव करने का कार्यक्रम रखा गया है।

# एमडी-एमएस एडमिशन में भी लागू हो सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमबीबीएस की तरह मेडिकल की पीजी यानी एमडी-एमएस में एनआरआई कोटे के एडमिशन में सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन किए जाने की मांग उठने लगी है। इस मामले में छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की है।

- **स्वास्थ्य मंत्री से मिला डाक्टर्स फेडरेशन**

राज्य में हाल ही में छत्तीसगढ़ डाक्टर्स फेडरेशन का गठन किया गया है। फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह एवं डॉ. गंधर्व पांडे ने स्वास्थ्य मंत्री के सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि यूजी की तरह पीजी में भी एनआरआई कोटे से एडमिशन के लिए बड़ा खेल होता है और करोड़ों का लेनदेन होता है। ऐसे डाक्टरों को फायदा पहुंचाने के लिए उन्हें पीजी की वह सीट अलॉट की जाती है, जिनकी डिमांड सबसे ज्यादा होती है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन जिस तरह यूजी एडमिशन के लिए किया गया है, उसी तरह एमडी-एमएस की सीटों के प्रवेश के लिए भी लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने एम्स के एमबीबीएस को अलॉटमेंट के बजाए राज्य कोटे की सभी सीट स्थानीय छात्रों को देने, वर्ष 2018 बैच के सवा सौ डाक्टरों की बांड पोस्टिंग का आदेश, जिन्हें नियुक्ति मिल चुकी उन्हें वास्तविक वेतन तथा नियमित चिकित्सकों को पढ़ाई के अनुरूप तीन साल का सवैतनिक अवकाश दिया जाए।

# केदार गुप्ता बोले- कांग्रेस और उससे जुड़े लोग आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा, छत्तीसगढ़ में इन दिनों कांग्रेस और उसके दीगर संगठनों से जुड़े लोग आपराधिक, हिंसक और विभाजनकारी गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं और कांग्रेस के आपराधिक चेहरे लगातार उजागर हो रहे हैं, उससे यह बात एकदम साफ है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में आराजकता और आतंक का वातावरण निर्मित करने के अपने एजेंडे पर काम कर रही है।



श्री गुप्ता ने कहा, अभी हाल ही में सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले में एक पुलिस आरक्षक पर खौलता हुआ तेल डालने और बाद में प्रधान आरक्षक की पत्नी व उसकी मासूम बच्ची की निर्मम हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों की गिरफ्तारी कांग्रेस के इसी राजनीतिक चरित्र का प्रमाण है, जिसके चलते कांग्रेस ने राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का कांग्रेसीकरण करने में जरा भी लज्जा का अनुभव नहीं किया और कांग्रेस पदाधिकारियों के अनुरोध को दरकिनार कर आदतन बदमाश और गुण्डा प्रवृत्ति के लोगों को एनएसयूआई समेत अपने विभिन्न संगठनों में पद देकर अपराधियों की हौसला-आफजाई की।

श्री गुप्ता ने कहा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव समेत तमाम कांग्रेस नेताओं को राजनीतिक ढोंग करने के बजाय स्पष्टीकरण देना चाहिए। हर तरह के अपराधों में संलग्न लोगों की शरणस्थली बनी कांग्रेस का यही राजनीतिक ट्रेक रिकॉर्ड रहा है कि जब वह सत्ता में होती है तो आपराधिक तत्वों को प्रश्रय देकर अपने हित साधने के लिए उन्हें इस्तेमाल करती है।

# राष्ट्रपति के रायपुर प्रवास को लेकर निगम आयुक्त ने किया मार्गों का निरीक्षण

- **सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित रायपुर प्रवास को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने चयनित स्थलों, चौराहों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि सड़कों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। श्री मिश्रा ने बूढ़ातालाब के नीलाभ उद्यान, डीडीनगर, जीई रोड, महोबा बाजार के पौनी पसारी स्थल, आमापारा के कारी तालाब प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों के साथ कोटा क्षेत्र के महंत तालाब, डबरा तालाब, आमापारा के कारी तालाब प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर तालाब को स्वच्छ रखने निर्देश दिए। महोबाबाजार के पौनी पसारी भवन में युवाओं के लिए कंप्यूटर शिक्षण संस्थान को स्थान देने के संबंध में नियम अनुसार कार्यवाही करने दिशा निर्देश दिए। इसी तरह देवेंद्र नगर एक्सप्रेस वे मार्ग में ब्रिज के नीचे सौंदर्यीकरण करने हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त यू.एस अग्रवाल, रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्ज्वल पोरवाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) पीके पंचायती सहित तकनीकी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्रेनों में हर दिन आधा दर्जन यात्रियों की बिगड़ रही तबीयत, टीटीई जरूरी दवा देकर कर रहे मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे प्रशासन ने ट्रेन में चलने वाले टीटीई को आवश्यक दवा उपलब्ध करवाई है, जिसका लाभ अब यात्रियों को मिलने लगा है। मौसम के बदलने से ट्रेनों में यात्रियों की तबीयत बिगड़ने की शिकायत इन दिनों बढ़ गई है, जो रेलवे के लिए चिंता का विषय बन गया है। वर्तमान में बिलासपुर व रायपुर मंडल के टीटीई हर दिन यात्रियों को सर्दी, बुखार और जुकाम की आवश्यक दवा देकर उनकी मदद कर रहे हैं। ट्रेन में ही यात्रियों को तत्काल मदद मिल रही है। दिनभर में रायपुर से गुजरने वाली 20 से अधिक लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्री रेलवे डॉक्टर व टीटीई की मदद ले रहे हैं। कुछ डाक्टरों व स्टॉफ की नियमित ड्यूटी स्टेशन पर रखी गई है, ताकि यात्रियों को मौके पर मदद मिल सके। रेलवे डॉक्टरों का कहना है कि सामान्य दिनों में दवा के लिए मदद मांगी जाती थी। इन दिनों गर्म पानी और दवा के साथ परामर्श भी डॉक्टरों से ट्रेन में लिया जा रहा है।



दिन में धूप तेज लग रही है, तो रात होते ही हवा ठंडी लगने लगी है। ऐसे में ट्रेन में लंबा सफर करने वाले यात्री ज्यादा बीमार पड़ रहे हैं। ट्रेन में यात्रा के दौरान हर दिन 6 से 8 यात्रियों की जांच रेलवे के डाक्टरों द्वारा की जा रही है। स्टेशन परिसर में 108 और डॉक्टर की टीम 24 घंटे उपस्थित रहती है।

**मुंबई और दिल्ली की ट्रेनों में शिकायत** : रायपुर में मुंबई और दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में तबीयत बिगड़ने की शिकायतें मिल रही हैं। यात्री ट्विट व टीटीई की मदद से दवा व डॉक्टर ट्रेन में बुला रहे हैं। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में यात्री के बीमार होने की सूचना ट्रेन के सीटीआई या टीटीई के जरिए कंट्रोलरूम और वहां से स्टेशन प्रबंधक तक पहुंच रही है।

इसके बाद रेलवे हॉस्पिटल से डॉक्टर बुलाए जाते हैं। डॉक्टर एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर से लेकर तमाम जरूरी सामान के साथ वहां पहुंचते हैं। वैसे तो ज्यादातर मरीज सर्दी, जुकाम और बुखार से पीड़ित ही आ रहे हैं, जिसे रेलवे सामान्य बता रहा है।

### आवश्यक दवा रखने का निर्देश

रेलवे स्टेशनों में दवा दुकान खोलने की योजना अभी तक सभी स्टेशनों में लागू नहीं हो पाई है। शिकायत को ध्यान रखते हुए यात्रियों के जांच और आवश्यक दवाएं रखने का निर्देश दिया है। बिलासपुर में इन दिनों डाक्टरों की एक टीम को आवश्यक दवाइयों के साथ स्टेशन परिसर में ही रहने कहा गया है, ताकि बार-बार नहीं आना पड़े। किसी-किसी दिन ऐसा भी होता है कि किसी भी ट्रेन में कोई मरीज नहीं होता।

# फूड इंस्पेक्टर राशन के वितरण और बचत की जांच नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य संचालनालय ने राशन दुकानों के राशन वितरण की जानकारी के लिए फिर घोषणापत्र का विकल्प देते हुए अब राशन के वितरण और बचत की पुष्टि खाद्य निरीक्षकों से कराने का निर्णय लिया है। खाद्य संचालनालय ने महीने की 1 से 10 तारीख के बीच इसकी पूरी जानकारी देने का नया फरमान जारी किया है। खाद्य निरीक्षकों ने इस पर आपत्ति जताते हुए इसे मानने से इनकार किया है। उनका कहना है कि खाद्य संचालनालय राशन दुकान के संचालकों को सीधे ऑनलाइन राशन का आवंटन जारी करता है। दुकानों को ऑनलाइन वितरण करना होता है। पूरे मामले में संचालनालय अपनी गलती खाद्य निरीक्षकों पर थोपने का प्रयास कर रहा है। खाद्य निरीक्षक पूरे मामले को लेकर अब विभाग की एसीएस ऋचा शर्मा और सचिव से मिलेंगे।

- **फिर दिया घोषणापत्र का विकल्प, खाद्य अफसरों ने किया विरोध**

खाद्य विभाग में पिछली सरकार के समय हुए राशन दुकानों में राशन की बचत की जानकारी लिए बगैर दुकानों को राशन का आवंटन में घोटाले की जांच विधानसभा की समिति कर रही है। घोटाले का खुलासा न हो इसे लेकर पोर्टल से खाद्य संचालनालय के एक अधिकारी ने खाद्य विभाग के एनआईसी से तेरह हजार राशन दुकानों का घोषणापत्र गायब करवा दिया। 600 करोड़ के राशन बचत घोटाले को दबाने के लिए इसे तकनीकी त्रुटि बताया गया। एक हजार दुकानों के बचत स्टॉक में हेरफेर कर दिया गया है। प्रदेश की पांच हजार राशन दुकानें ऐसी हैं, जिनमें दो से पांच



महीने का चावल, अतिरिक्त रूप से नियमों को ताक पर रखकर दिया गया और करोड़ों रुपये की कालाबाजारी का कारनामा हो गया। मामले में राशन दुकानों के विरुद्ध जांच भी नहीं कराई गई। मामले का न तो जांच प्रतिवेदन है, न ही कारण बताओ नोटिस दिया गया। खाद्य अधिकारी अथवा अनुविभागीय अधिकारी ने अंतिम निर्णय कर घोटाले किए गए चावल की मात्रा का आकलन किया। छत्तीसगढ़ सार्वजानिक वितरण प्रणाली आदेश के नियमों का पालन किए बगैर आरआरसी जारी कर दी गई है।

### अपने को बचाने में जुटे अफसर

संचालनालय का तर्क है कि घोषणापत्र नहीं दिखने से स्टॉक की जानकारी नहीं हो पाती। अतः फिर से घोषणापत्र का विकल्प दे रहे हैं। घोषणापत्र की पुष्टि के लिए खाद्य निरीक्षकों को पत्र देने कहा गया है। ऐसे में पूरा मामला अब विवादित हो गया है। संचालनालय ऐसी जानकारी मंगा कर सीधे तौर पर फूड इंस्पेक्टरों को जिम्मेदार ठहराने का प्रयास कर रहा है। खाद्य मामले की जांच कर रही विधानसभा की समिति ने घोषणापत्र पोर्टल से गायब करने की जिम्मेदारी तय करने में जुटा है। ऐसे में नया फरमान जारी कर संचालनालय के अफसर अपने को बचाने में जुटे हैं।

### संचालक ने नहीं किया निराकरण, अब एसीएस से मिलेंगे

मामले में स्टॉक वेरिफिकेशन और तकनीकी समस्या के संबंध में खाद्य निरीक्षक कई बार संचालनालय में ज्ञापन दे चुके हैं। संचालनालय ने अभी तक कोई निराकरण नहीं किया। खाद्य निरीक्षकों ने अब निर्णय लिया है कि इस संबंध में सीधे अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा और सचिव से मिलकर बात करेंगे और अपनी मांग रखेंगे। उनका सीधा आरोप है कि राशन का आवंटन सीधे दुकानों को होता है। वितरण भी उनके द्वारा ऑनलाइन किया जाता है, ऐसे में बचत की जानकारी भी उनसे सीधे ली जानी चाहिए। खाद्य निरीक्षकों से पुष्टि कराने का सवाल ही नहीं उठता।

# बादलों की ओट में रहेगा करवा चौथ का चांद, रात्रि आठ बजे दिखने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को करवा चौथ का चांद हल्के बादलों की ओट में रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार रात्रि लगभग आठ बजे चंद्रोदय होगा। अरब सागर से आने वाली नमी की वजह से अभी प्रदेश उमस भरी गर्मी की चपेट में है। रात की बेचैनी ने दिन के धूप वाली गर्मी को पीछे छोड़ दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में रायपुर रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा होकर 26 डिग्री के करीब पहुंच गया। दिन में बादलों की वजह से पारा 34 डिग्री से नीचे रहा। प्रदेश में रात के तापमान में गिरावट दिवाली के आसपास ही होने की संभावना है, क्योंकि 25 अक्टूबर से बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने वाला है, जिसके प्रभाव से अधिक मात्रा में बादल आने के आसार हैं। अभी अरब सागर से आने वाली नमी के प्रभाव से बादल आ रहे हैं। रविवार को भी बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार चंद्रोदय का वक्त रात्रि 7.57 बजे निर्धारित है। अभी अरब सागर की नमी के प्रभाव से प्रदेश का मौसम बदला हुआ है और लोगों को भारी उमस झेलनी पड़ रही है।

- **रात की गर्मी ने दिन को पीछे छोड़ा, पांच डिग्री ज्यादा**

इस मौसम में कूलर, पंखे बेअसर हो गए हैं और लोगों की रात बेचैनी के साथ कट रही है। अभी पेंड्रा जैसे इलाके में रात का तापमान 19 डिग्री के करीब है, जो सामान्य से अधिक है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय युवा संसद स्पर्धा में चार टीमें हुईं शामिल



**रायपुर।** सालेम इंग्लिश स्कूल में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर जिले के चार विकासखंड आरंग, अभनपुर, तिल्दा और धरसींवा से चार टीमें इस प्रतियोगिता में शामिल हुईं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली छात्र, छात्राओं में संसद की कार्यवाही और कार्यप्रणाली से अवगत कराना व जागरूकता जगाना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल एवं सहायक क्रीड़ा अधिकारी आईपी वर्मा, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के अलावा केएस पटले, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, सीजी बोर्ड के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश नंद, स्कूल की प्रभारी प्राचार्या रूपिका लॉरेंस आदि शामिल थे।

### माहेश्वरी सभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी नवरास में हुए शामिल



**रायपुर।** महेश सभा रायपुर द्वारा शरद उत्सव के अवसर पर रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रमेश झंवर एवं राकेश सोमानी ने बताया कि गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में नवरास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला संगठन के माध्यम से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के साथ शिवरास, सती स्वरूप, सिंदूर खेला, धुनी नाच एवं महाकाली रक्तबीज की शानदार प्रस्तुति मंच पर दी गई। महिला मंडल द्वारा विगत माहभर से कार्यक्रम की तैयारी की जा रही थी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी, महिला संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुंदड़ा, समाजसेवी राजकुमार राठी सहित समाज के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### पालक और शिक्षकों की हुई बैठक

**रायपुर।** आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय त्रिमूर्ति नगर में शनिवार को तिमाही परीक्षा के बाद पालक और शिक्षक बैठक हुई, जिसमें पहली से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के पालकों को बुलाया गया था। 197 पालक उपस्थित हुए और उनको छात्र-छात्राओं की उत्तरपुस्तिका, परिणाम अवलोकन कराया गया, जिसमें अपने पाल्य की उत्तरपुस्तिका में प्राप्तांक पर चर्चा की गई। प्राचार्य कीर्ति सोनी द्वारा सभी पालकों को छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया व शिक्षकों और छात्रों के मध्य समन्वय स्थापित करने की बात कही। यहां पीटीएम विद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में अन्य शालेय वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित थे।

### एकल एक्सपो का उद्घाटन आज

**रायपुर।** वनबंधु परिषद महिला समिति रायपुर चैप्टर द्वारा समता कॉलोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में दो दिवसीय 21 व 22 अक्टूबर तक एकल एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि एक्सपो का उद्घाटन मीना अरुण साव द्वारा किया जाएगा। शनिवार को उन्होंने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया। संगठन का मुख्य उद्देश्य गांव की अर्थ व्यवस्था सुधारना, रोजगार एवं स्वास्थ्य उपलब्ध कराना, वनवासियों को शिक्षित करना है। इसी कड़ी में महिला समिति द्वारा वनयात्रा भी की जाती है और सुनिश्चित किया जाता है कि समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक इन सभी सुविधाओं का लाभ पहुंचे। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल ने बताया कि एक्सपो से अर्जित होने वाली धनराशि को एकल विद्यालयों के माध्यम से वनवासियो को लाभ पहुंचाना है। वहीं अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि नगर, ग्राम संगठन सहित सेवावृत्ति, यह तीनों परिषद के आधार स्तंभ हैं।




## खबर संक्षेप

### जीर्णोद्धार के बाद भी आ रही सीपेज

**गुरूर।** पूर्व माध्यमिक शाला सांगली में शाला जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया। उसके बाद भी बच्चों को राहत नहीं मिली है। स्कूल की छत से अब भी सीपेज जारी है। शाला के प्रधान पाठक पारस राम गजेंद्र ने बताया कि मरम्मत कार्य के बाद भी हल्की सीपेज अब भी आ रही है। इसके कारण दीवारों व छत के कोनों में नमी रहती है।

### आज सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ संगठन चुनाव की बनेगी रणनीति

**रायपुर।** भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक सोमवार को दिल्ली में होगी। इस बैठक में जहां सदस्यता अभियान को लेकर सभी राज्यों से चर्चा होगी, वहीं संगठन चुनाव को लेकर भी रणनीति बनेगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी विनोद तावड़े और दुष्यंत गौतम बैठक लेंगे। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह सहित प्रदेश के एक दर्जन पदाधिकारी रविवार की रात को यहां से दिल्ली जाएंगे। प्रदेश संगठन ने संगठन चुनाव को लेकर यहां पर चुनाव प्रभारी के साथ सह प्रभारी भी बना दिए हैं। ये सभी भी दिल्ली बुलाए गए हैं।

### राशन कार्ड नवीनीकरण और ई-केवायसी 31 तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड का नवीनीकरण और केवायसी करवाने के लिए 31 अक्टूबर तक का समय है। इससे पहले इस काम के लिए 15 अगस्त तक का समय दिया गया था। लेकिन सभी कार्डधारियों द्वारा यह काम न करवा पाने के कारण समय-समय पर तारीखें बढ़ाई जाती रही। अब खाद्य विभाग ने लोगों से अपील की गई है कि वे असुविधा से बचने के लिए अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी समय पर करा लें। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हितग्राहियों की सुविधा के लिए शेष बचे राशन कार्ड नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी कराने के लिए 31 अक्टूबर तक का अवसर प्रदान किया गया है।

## निधन

### गगन कुमार साहू



**गुरूर।** ग्राम भानपुरी निवासी गगन कुमार साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सुकालु राम के पोते व केशवराम साहू व फुलेश्वरी बाई के बेटे तथा कविता साहू के पति थे।

## पेज 9 का शेष

### पोल्ट्रीफार्म बंद कराने ...

भगवान सिंह मंडावी, शंभुराम गावडे, चतुरसिंह, सहित अन्य ग्रामीणों ने पोल्ट्री फॉर्म में काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी राशि में कटौती, 18 साल से कम उम्र के बच्चों से काम, पोल्ट्री फॉर्म का संचालन अवैध रूप से करने जैसे अनेक आरोप लगाए थे। पेटेचुवा निवासी नागेश सलाम ने बताया कि वनांचल क्षेत्र में बसे अधिकांश गाँव से संपर्क व मीटिंग कर पोल्ट्री फॉर्म को बंद कराने के लिए धरना प्रदर्शन में सहयोग करने की अपील की जा रही है। वहीं, सामाजिक स्तर पर भी सहयोग की अपील की गई है। इसके लिए सामाजिक रुप से कई दौर की बैठक हो चुकी है। बहुत जल्द ही राजा राव पठार में उक्त मामले को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**बैठक :** भाजपा जिला कार्यालय में सक्रिय सदस्यता को लेकर हुई बैठक

# भाजपा जिलाध्यक्ष पवन बने पहले सक्रिय सदस्य, संयोजक राकेश ने भरा फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा जिला कार्यालय में सक्रिय सदस्यता को लेकर बैठक रखी गई। इस बैठक में जिले के नेता व मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री शामिल हुए। जूंगेरा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में सक्रिय सदस्यता को लेकर हुई बैठक की शुरुआत मां भारती व पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखजएँ के तैल चित्र में दीप प्रज्वलित कर की गई।

जिले के महामंत्री व सदस्यता अभियान के जिला संयोजक राकेश छोटू यादव ने सक्रिय सदस्यता के विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों को सक्रिय सदस्यता के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। 100 प्राथमिक सदस्य, 100 रुपये सक्रिय सदस्यता शुल्क आनलाईन भुगतान के जिला चयन समिति द्वारा उसकी जांच होगी। उसके बाद जिला अध्यक्ष के अनुमोदन से प्रदेश द्वारा कार्यकर्ता को सक्रिय सदस्य की पात्रता मिलेगी वे ही संगठनात्मक पदों पर मनोनयन व पार्टी के सिंबाल से चुनाव लड़ सकेंगे।







जिला अध्यक्ष पवन साहू ने बताया कि पहले और अभी की पार्टी के काम में बहुत अंतर है, पहले पत्र व्यवहार से काम चल जाता था। पर आज बिना मोबाईल के काम नहीं होता, सभी चीज ऑनलाइन हो गई हैं, सभी को आने वाले समय में मोबाइल से ही काम करना पड़ेगा।

जिला संयोजक राकेश छोटू यादव ने सर्व प्रथम जिला अध्यक्ष पवन साहू का सक्रिय सदस्य फार्म भरा, फिर क्रमशः कृष्ण कांत पवार, प्रीतम साहू, देवलाल ठाकुर, यज्ञदत्त शर्मा, अभिषेक शुक्ला, लेखराम साहू, दिलीप शर्मा, प्रमोद जैन, त्रिलोकी साहू, यादव राम साहू को सक्रिय सदस्य बनाया गया। जिला महामंत्री चेमन देशमुख ने नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव से संबंधित संगठनात्मक कार्यो को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, यज्ञदत्त शर्मा, अभिषेक शुक्ला, चेमन देशमुख, त्रिलोकी साहू, दिलीप शर्मा, चमन लाल साहू, छगन देशमुख सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कुसुमकसा में चला स्वच्छता अभियान





**कुसुमकसा।** ग्राम पंचायत कुसुमकसा में निको माईनिंग कम्पनी प्रा. लिमिडेट गिधाली की ओर से सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संजय बैस थे। उन्होंने कहा कि निको माईनिंग कम्पनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए अपने प्रभावित क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक कार्यों को प्रभावी ढंग से कर रहा है। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूल कुसुमकसा के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ ग्राम पंचायत कुसुमकसा के पंच सरपंच एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, मितानिन बहनों के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में निको के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के अलावा ग्राम पंचायत कुसुमकसा के सरपंच शिवराम सिंद्रामें, जनपद सदस्य संजय बैस, स्वामी आत्मानंद स्कूल कुसुमकसा की प्राचार्य सुनीता यादव, अमाय नागवंशी, संयंत्र में कार्यरत मजदूरों ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कम्पनी के महाप्रबंधक ललित दरवलकर के विशेष मार्गदर्शन में सहायक महाप्रबंधक आरपी. देवांगन, डिस्पैच प्रबंधक शंकर लाल साहू, सहायक प्रबंधक संजय कुमार एवं शशिकांत ओझा वरिष्ठ प्रबंधक आदित्य सिंह, पीआर कोसमें, शशांक तिवारी, नरेन्द्र निषाद का सहयोग रहा।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मड़ियाकट्टा स्कूल के 63 बच्चे शामिल



**डौण्डीलोहारा।** विकासखण्ड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 63 बच्चों ने भाग लिया। कक्षा आठवीं 21, सातवीं 16, छठवीं 16 एवं कक्षा पांचवीं के 10 बच्चों ने परीक्षा दिलाई। राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बताया कि परीक्षा में परीक्षार्थियों को वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर देने के लिए ओएमआर शीट दी गई थी। इस ओएमआर सीट पर सभी प्रश्नों के जवाब देना था। प्रश्न पत्र में देश विदेश भारतीय संस्कृति परिवार निर्माण स्वास्थ्य पर्यावरण, महापुरुषों की जीवनी, साहित्य, सामान्य ज्ञान और भारतीय इतिहास से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। इस परीक्षा में शिक्षक परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य, भूमिका मोवाड़े का योगदान रहा।



# प्रांतस्तरीय गणित विज्ञान मेले में सिकोसा के बच्चों ने मारी बाजी

**बालोद/सिकोसा।** दो दिवसीय प्रांतस्तरीय गणित, विज्ञान मेला 5 और 06 अक्टूबर को ग्राम सारखी जिला रायपुर में हुआ। कार्यक्रम में सिकोसा विद्यालय से 6 भैया और 4 बहन सम्मिलित हुए। इनमें शिशु वर्ग विज्ञान प्रयोग में भैया प्रेयांश साहू प्रथम, शिशु वर्ग गणित प्रदर्श भैया तन्मय पटेल द्वितीय, शिशु वर्ग गणित प्रयोग में बहन भावी साहू प्रथम, शिशु वर्ग यातायात के साधन मंडल में बहन योशिता ठाकुर प्रथम स्थान पर रहे। इसी तरह बाल वर्ग विज्ञान प्रदर्श में भैया कुंदन पटेल प्रथम, बाल वर्ग विज्ञान प्रयोग में बहन मनोरमा पटेल तृतीय, बाल वर्ग गणित पत्र वाचन भैया जीतेश साहू प्रथम, बाल वर्ग विज्ञान पत्र वाचन बहन चंचल ठाकुर द्वितीय, बाल वर्ग गणित प्रदर्श भैया भास्कर देशमुख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# धान खरीदी की तैयारियों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद प्रतिमा ठाकरे झा ने तहसील कार्यालय बालोद में आगामी धान खरीदी के संबंध में अनुविभाग के राजस्व निरीक्षक, पटवारी, उद्यानिकी एवं समिति प्रबंधकों की बैठक ली। धान खरीदी के दौरान कृषकों को किसी भी प्रकार से परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखने को कहा। समय रहते कृषकों का पंजीयन हो सके, इसके लिए कोटवारों से मुनादी करने के लिए निर्देशित किया गया। धान खरीदी से पूर्व नमी मापक, इलेक्ट्रानिक तराजू एवं कैप कवर की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। आगामी धान खरीदी सफलता पूर्वक हो, इसके लिए राजस्व खाद्य एवं समिति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समन्वय कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर आशीष कुमार, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, नायब तहसीलदार मुकेश गजेन्द्र, खाद्य निरीक्षक सुधीर खेम्स, जिला सहकारी बैंक नोडल अधिकारी ईस्दा, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं लेम्स प्रबंधक उपस्थित थे।

# तेजी से बढ़ रहे हैं साइबर अपराध, सावधान रहें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

5 से 19 अक्टूबर तक राज्यव्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समापन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बालोद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय बालोद में छात्राओं व शिक्षकगणों को डिजीटल उपकरणों पर हमारी निर्भरता, फायदे, इनसे जुड़े नवीन साइबर खतरों जैसे डिजिटल अरेस्ट, जॉब फाड, ऑनलाईन ट्रेडिंग, सोशल मिडिया अकाउंट हैकिंग के संबंध में जागरूक किया गया। साइबर अपराध, एआई का इस्तेमाल कर रहे हैकर्स से बचने छात्राओं को आगाह किया गया।

साइबर हेल्पलाइन 1930 और नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल के उपयोग के बारे में जानकारी दी। नवीन पीढ़ी के युवतियों को अच्छी पढ़ाई कर अपने सपनों को पूरा करते हुये सामाजिक सेवा भाव का संदेश देते हुये देश के विकास में योगदान के लिए प्रेरित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेसोशल मीडिया जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम से अनजान व्यक्ति से फ्रेन्ड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करने, फ्राड का शिकार होने पर नजदीकी पुलिस थाना या साइबर सेल में रिपोर्ट करने बताया गया व साइबर हेल्पलाइन 1930 और नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल के उपयोग के बारे में जानकारी दी जाएगी। साइबर क्राईम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आनलाईन फ्राड, सोशल मीडिया एप्स साइट का उचित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप फेसबुक मैसेंजर के जरिए अश्लील वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, ऑनलाईन फ्राड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, ओटीपी, शेयर नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव, हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई।

बताया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साइबर सुरक्षा संबंधी संदेश, वीडियो और पोस्ट साझा किए जाएंगे। नुक्कड़ नाटक, शार्ट वीडियो, स्टोरी मेकिंग और अन्य गतिविधियों के माध्यम से भी बालोद पुलिस द्वारा जन जागरूकता फैलाई जा रही है।

■ शासकीय कन्या महाविद्यालय बालोद में किया गया साइबर जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

### धान खरीदी पर कितने भी अफवाह फैला ले, जनता नहीं मानेगी- गजेंद्र

**दुर्ग।** दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा है कि, अपने आपको किसान हितैषी बताने और ढोंग करने वाली पिछली भूपेश सरकार धान खरीदी के राशि का भुगतान भी चार किश्तों में करती थी। अभी जब एकमुश्त धान का पैसा किसानों के खाते में जा रहा है, तो वह किसान आज घर बनवा रहा है तो कोई सामान खरीद रहा है, अन्य उपयोगी कामों में खर्च कर पा रहा है। प्रदेश के सभी किसानों का पूरा धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जाएगा।









## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत में डेढ़ करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य

**डौंडीलोहारा।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुसुम



शर्मा ने नगर पंचायत के लिए डेढ़ करोड़ की राशि स्वीकृत किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना मद से भाजपा सरकार द्वारा नगर पंचायत को डेढ़ करोड़ की राशि स्वीकृत किए जाने से नगर के सभी पंद्रह वार्डों में विकास कार्य होंगे, जिससे लोगों को कई तरह की मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी तथा वार्डों में वर्षों से व्याप्त समस्याओं का निराकरण किया जा सकेगा। कुसुम शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पंचायत में निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया गया तथा गुणवत्ताहीन कार्य कराकर शासन के पैसों की जमकर बंदरबाट की गई। जिसके कारण नगर के अधिकांश वार्डों में बिजली, पानी, सड़क, नाली जैसी कई मूलभुत सुविधाएं तक लोगों को ठीक से नहीं मिल पा रही हैं। अब प्रदेश में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार द्वारा लोगों की सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए बिना भेदभाव के लगातार राशि जारी की जा रही है।

### धान खरीदी एक नवंबर से शुरू करे सरकार : तामेश्वर

**गुरूर।** भाजपा सरकार का किसान हितैषी होने का दावा खोखला साबित हुआ। अगर सरकार को



किसानों की चिंता रहती तो 14 नवंबर की बजाए 1 नवंबर से ही धान खरीद प्रारंभ करने का निर्णय लेती, क्योंकि ग्रामों में धान कटाई आरंभ हो चुकी है। विलंब से धान खरीदने से किसानों को धान को रखने व परिवहन में खर्च बढ़ जाएगा। उक्त बातें ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अमूमन एक नवंबर से धान खरीदी शुरू होती रही है। इस बार बारिश अच्छी हुई है, फसल अच्छी है, पैदावार अधिक होने की संभावना है, इसलिए खरीदी का लक्ष्य भी बढ़ाना चाहिए, ताकि किसानों की पूरी पैदावार की खरीदी हो सके। इसके साथ ही सरकार को इस वर्ष धान खरीदी एक नवंबर से चालू कर देना चाहिए। तामेश्वर साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ से मानसून लौट चुका है, लेकिन क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश की स्थिति बनी हुई है। क्षेत्र के किसानों ने फसल कटाई शुरू कर दी है, लेकिन अचानक हुए मौसम में बदलाव के कारण उनकी चिंता बढ़ गई है, क्योंकि यदि अभी बारिश हुई, तो धान की फसल को काफी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे में किसानों के हित में निर्णय लेकर शासन को एक नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करनी चाहिए।

### लोहे के हथियार के साथ युवक पकड़ाया

**भिलाई।** चाकूबाजी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर विश्व बैंक कालोनी भिलाई-3 निवासी मोन्टू गिरी गोस्वामी को पुलिस ने लोहे का चापड के साथ गिरफ्तार किया है।

## कार्यक्रम : सशिमं पाटन में हुआ विजयादशमी उत्सव का आयोजन

# देशभक्त बनाता है संघ : रूपनारायण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पाटन एवं जामगांव आर खंड के तत्वावधान में विजया दशमी उत्सव का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर पाटन में हुआ। विजयादशमी बौद्धिक प्रमुख व राष्ट्रीय स्वयं सेवक पूर्व प्रचारक रूपनारायण सिन्हा थे, अध्यक्षता जामगांव आर परिक्षेत्रीय साहू समाज पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने की।



### हिंदू समाज हुआ बलिष्ट

मुख्य वक्ता पूर्व प्रचारक प्रदेश समन्वयक रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि संघ का उद्वेश्य हिन्दू समाज को बलशाली बनाना है, ताकि भारत माता की ओर कोई आंख उठा कर देखने की हिम्मत ना कर सके। स्वाभिमानी डा हेडगेवार ने देश भक्ति के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि आरएसएस देश के लिए जीना सिखाता है। देश भक्ति से ओत प्रोत होकर कर्तव्य की सकुशल निर्वहन करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि 17 लोगों से 1925 में प्रारंभ संघ आज वट वृक्ष बन गया है। संघ सबका भला चाहता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संघ सेवक के लिए देश सर्वोपरि है। पाटन सोनपुर की भूमि जन्मे व्यक्ति आज देश के लिए संघ में समर्पित सेवा कर रहे है यह भूमि वंदनीय है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व प्रचारक रूपनारायण सिन्हा, पाटन विकास खंड संघ चालक संजय शर्मा, सह संघ चालक लीलाधर वर्मा, खंड कार्यवाह छगेंद्र चक्रधारी, दुर्ग विभाग सामाजिक सदभाव प्रमुख चेलाराम साहू, जिला समग्र ग्राम विकास प्रमुख हलधर महमल्ला, विधा भारती, जिला समन्वयक शत्रुहन देवांगन, राजेंद्र साहू, सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक आसकरण जैन, पंडवानी कलाकार चेतन देवांगन, रामावतार साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उत्सव में बटरेल, गातापार, बेलहारी, औरी, जामगांव आर, किंकीरमेंटा, आगेसरा, पाटन, बोरिद, बरसबसपुर, खर्रा, तेलीगुंडरा, पहानदा, दौराभाठा, चिचा, तर्रा, मगर घटा, अंमलेश्वर, भोथली, मोतीपुर, देवबाउलौदा, कुम्हारी, नारधी पंडर, आरसनारा, सोनपुर, तरीघाट, सिपकोंहा, परसदा आदि स्थानों से सैकड़ों स्वयंसेवक उत्सव में शामिल हुए। आभार शत्रुहन देवांगन ने किया।

### संघ वट वृक्ष का रूप ले चुका है

उत्सव की अध्यक्षता करते हुए कामता प्रसाद साहू ने कहा कि विश्व का बड़ा स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ है। इसका कार्य देश हित में सर्वोपरि है। ये देशभक्तों का संगठन है, देश की सेवा करने के लिए स्वयंसेवक बने। संघ के संस्थापक डॉ केशवराम बलिराम हेडगेवार ने अंग्रेजों के शासन में भारत माता की रक्षा के राष्ट्रीय सेवक संघ का गठन किया, जो 99 वर्ष हो गया है। यह अब वट वृक्ष का रूप ले चुका है।

# सरेखा (पायला) में 53 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का हुआ लोकार्पण

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम सरेखा (पायला) में लगभग 53 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण विधायक कुंवर सिंह निषाद ने किया। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने ग्राम सरेखा में नवीन खाद गोदाम निर्माण 12 लाख, नवीन पंचायत भवन निर्माण 18 लाख, सीसी रोड निर्माण 18 लाख, हाई स्कूल में अहाता निर्माण 5 लाख रुपए के विकास एवं निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।



इस दौरान विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि हम गुण्डरदेही विधानसभा को छत्तीसगढ़ का सबसे विकसित व सुविधाओं से युक्त विधानसभा बनाने निरंतर प्रयास कर रहे हैं। समृद्ध गुण्डरदेही विधानसभा बनाने का हमने जो संकल्प किया है, उसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। गुण्डरदेही विधानसभा के ग्रामों में भी शहरी क्षेत्रों की भांति अधोसंरचना विकास, सौंदर्यीकरण, पक्की सड़कें, पुल–पुलिया, बिजली एवं स्वच्छ जल की आपूर्ति हो इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। आज ग्राम सरेखा में हुए इन सभी विकास कार्यों से जनता को सुविधा मिलेगी साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होगा। इस प्रयास में जनता का सुझाव व मार्गदर्शन हमें प्राप्त हो रहा है। आज जो यह विकास की सौगात जनता को मिली है उससे ग्रामवासियों में भी ख़ुशी स्पष्ट दिखाई दे रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोना देवी देशलहरा, सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस गुंडरदेही भोजराज साहू, रूपचंद जैन, सागर साहू, नीतू साहू, उमेश चंद्रवंशी, हेमंत साहू, जितेंद्र साहू, शशि ठाकुर, सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सरकारी अस्पताल के लिए शुरू हुई ई-रिक्शा सेवा



**डौंडीलोहारा।** गुरुवार को नगर के विवेकानंद चौक से मंगलपाठ के बाद निशुल्क ई रिक्शा का शुभारंभ किया गया।

- पुराने बस स्टैंड, विवेकानंद चौक, नए बस स्टैंड चौक से अस्पताल जाने के लिए उपलब्ध रहेगी सुविधा

नगर से सरकारी अस्पताल की दूरी अधिक होने व लोगों को आने जाने में होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने के लिए भंसाली परिवार द्वारा निशुल्क ई रिक्शा सेवा प्रारंभ की गई है। स्व चंपालाल स्व सुंदर देवी भंसाली, स्व दीपचंद व स्व धन्नीदेवी भंसाली की स्मृति में निशुल्क ई रिक्शा सेवा की शुरुआत देव गुरु धर्म का स्मरण करते हुए नवकार महामंत्र का वाचन किया गया। ई रिक्शा सेवा देने वाले समाजसेवी प्रेम भंसाली नरेंद्र भंसाली व विजय भंसाली ने बताया कि अस्पताल की दूरी अधिक होने व बीमार व्यक्तियों के आने-जाने में होने वाली असुविधा को देखते हुए यह निःशुल्क ई रिक्शा सेवा शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह ई-रिक्शा नगर के पुराने बस स्टैंड, विवेकानंद चौक, नए बस स्टैंड चौक से अस्पताल के समय में सुबह से शाम तक उपलब्ध रहेगी। शुभारंभ के साथ ही ई रिक्शा से मरीजों के लाने ले जाने का सिलसिला शुरू हो गया। उल्लेखनीय है कि भंसाली परिवार द्वारा मरीज़ों के उपयोग के लिए निःशुल्क व्हीलचेयर, क्रचेस, पोर्टेबल कमोड आदि मेडिकल उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## रंगोली में पीहू और दीप सजावट में भूपेश प्रथम...



**बालोद।** शहर के मोखला मांझी मन्दिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद की जिला संस्कार केंद्र प्रमुख पूजा जैन ने बच्चों के लिए रंगोली, तोरण सजावट व दीप सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। रंगोली प्रतियोगिता में पीहू पटेल प्रथम, द्वितीय कान्हा पटेल, तृतीय स्थान पर याचना पटेल रही। वहीं, दीप सजावट में प्रथम भूपेश अमरिया, द्वितीय यास्मिका ढीमर, तृतीय पुरस्कार निस्था आहूजा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मोखला मांझी मंदिर मानस समिति की सोनकली पटेल, कलीन यादव, चमेली दीदी, उमा दीदी, सरोज श्रीवास, बाल मन्दिर की अध्यापिका रानी योगी उपस्थित थे।

## अकलवारा में हुई कबड्डी प्रतियोगिता

**गुरूर।** ग्राम अकलवारा में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य संध्या अजेन्द्र साहू सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।



## 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 21 दिसंबर से



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में राष्ट्र जागरण अभियान जिला स्तरीय 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन रामनगर, धनगांव रोड डौंडीलोहारा में 21 से 24 दिसंबर तक किया जाएगा। इस संबंध में गायत्री प्रज्ञापीठ डौंडीलोहारा में रविवार को जिला स्तरीय गोष्ठी हुई। गोष्ठी में सभी कार्यकर्ताओं को प्रचार प्रसार के लिए बैनर-पोस्टर, अन्नघट, रसीद बुक का वितरण किया गया। गोष्ठी में बालोद, गुरुर, गुंडरदेही, डौंडी व डौंडीलोहारा के परिजन शामिल हुए।

## प्राथमिक शाला सिरपुर में हुआ रामलीला का मंचन



**देवरी बंगला।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिरपुर संकुल खेरथा बाजार में बैगलेस डे पर शाला के छात्रों द्वारा रामलीला के बाद रावण दहन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सुरक्षित शनिवार पर कार्यक्रम के दौरान सिरपुर के ग्रामीणों ने भी सहयोग प्रदान किया। राम दास मानिकपुरी ने रामायण पर व्याखान दिया। शिवराम यादव ने दशहरा पर्व के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिरपुर के अध्यक्ष बसंत सोनकर, अजय सोनकर, लोकेश्वर यादव, शाला के शिक्षक मो.आरिफ सिध्दिकी शाला के प्रधान पाठक जितेन्द्र कुमार धरमगुड़ी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीजेभाठा में हुई मानस संगोष्ठी



**जामगांव आर।** ग्राम बीजेभाठा में मानस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण पाटन नारद साहू एवं कोषाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलहरी थे। जनपद सदस्य पाटन रवि सिन्हा, जिला अध्यक्ष मानस संघ दुर्ग मेहत्तर वर्मा, सरपंच रामनाथ साहू, लोकगायक संजू साहू, सरपंच करेला लेखनी वर्मा, नेतराम वर्मा, भारत साहू, बेनीराम साहू, लीना मानिकपुरी लोक गायिका मंचासीन रहे। अतिथियों को दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नारद साहू ने कहा कि रामचरित मानस को आत्मसात करे तो जीवन संवर जाएगा। मानस संघ जिला अध्यक्ष मेहतर वर्मा ने कहा कि रामचरित मानस में मर्यादा त्याग चरित्र आदि को कुशल और सार्थक जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## भीमाटोला व बड़गांव में हुईभारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय भीमाटोला (रेंगाडबरी) में भी ली गई। परीक्षा प्रभारी पीलू राम साहू ने बताया कि बच्चों में नैतिक शिक्षा व भारतीय संस्कृति का ज्ञान कराने के उद्देश्य से परीक्षा आयोजित किया गया है। इसमें 5वीं में 5 एवं छठवीं से आठवीं तक कुल 53 बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा को सफल बनाने में प्रधान पाठक विशेसर आर्य शिक्षक हिमांशु ठाकुर, देवराज ठाकुर, रुस्तमदास साहू का सहयोग रहा। इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव में कुल परीक्षार्थी 45 एवं पूर्व माध्यमिक शाला बड़गांव में 61 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा को सफल बनाने में प्रधान पाठक बी एल जोशी, पुनेश सोनबरसा, हेमलता केसरा, कमल कांत साहू, टिकेंन्द्र रामटेके, राजेंद्र नायक, एनके ओरेंद्र का विशेष सहयोग रहा।

## संबलपुर विद्यालय में लगा योग शिविर



**डौंडीलोहारा।** पूर्व माध्यमिक शाला संबलपुर में एकदिवसीय संगीतमय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योगाचार्य तीरथ कुमार अटल ने बच्चों को योग का निशुल्क अभ्यास करवाया। शिविर में संकुल समन्वयक टोमन लाल मालेकर, प्रधान पाठक कुमान दास जोशी एवं अनुपमा देशमुख, ललिता देवी चौधरी, शारदा सोनबरसा डोमेन्द्र कुमार साहू, चुन्नीलाल नेताम एवं समस्त बच्चों योग ने भाग लिया। इस दौरान सूक्ष्म व्यायाम से लेकर योग प्राणायाम, योगिंग जॉगिंग, भ्रस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन, सिंहासन, हास्यासन जैसे अनेक प्रकार के योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही खान-पान रहन सहन, शिक्षा पर विशेष चर्चा की गई।

### दुकान में चोरी का प्रयास, गिरफ्तार

**भिलाई।** दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने का प्रयास करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि बीएन राजू 16 अक्टूबर की रात चरोदा स्थित अपनी न्याय बैटरी की दुकान का शटर बंद कर घर चला गया था। 17 अक्टूबर की दुकान खोलने आया तब देखा शटर खुला हुआ था। दुकान के भीतर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा मिला और चोरी करने का प्रयास किए जाने की जानकारी मिली। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी को पकड़ने के लिए भिलाई तीन टीआई महेश ध्रुव अपनी टीम के साथ जुट गए।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रूकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

## रामलीला में युद्ध प्रसंग का किया गया मंचन

# मेढ़की में शरद पूर्णिमा के दिन किया गया रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम मेढ़की में वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत शरद पूर्णिमा के दिन रावण दहन किया गया।

इसके पहले ग्राम मेढ़की के भवन में राम, रावण, हनुमान व जटायु के पात्र तैयार हुए और राम का दल ट्रैक्टर पर सवार होकर गाजे बाजे व आतिशबाजी और आंगा देव के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर श्रीफल भेंट किया। दशानन के पुतला दहन से पहले रामलीला के मंच पर राम–रावण के युद्ध का मंचन किया गया। पुतले में आग लगते ही मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। बता दे कि जहां देशभर में दशहरा पर रावण दहन किया जाता है तो वहीं ग्राम मेढ़की में शरद पूर्णिमा के दिन रावण दहन होता है। ग्रामीणों ने सर्वप्रथम भगवान राम लक्ष्मण की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।





**क्या है मान्यता :** ग्राम मेढ़की के ग्रामीणों की मान्यता है कि राम–रावण का युद्ध अश्विन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को शुरू हुआ था। करीब 8 दिन चले युद्ध के बाद राम ने रावण को दशहरा यानी दशमी को धराशाई किया था, लेकिन रावण ने शरद पूर्णिमा वाले दिन प्राण त्यागे थे। प्राण त्यागने से पहले रावण ने लक्ष्मण को ज्ञान दिया था। यही कारण है कि मेढ़की में सालों से चली आ रही परंपरा को आज भी निभाया जा रहा है।

### राम-रावण के बीच युद्ध का मंचन

ग्राम मेढ़की वर्षों से चली आ रही रावण दहन की अनूठी परपंरा के तहत इस बार भी गुरुवार की देर रात रावण दहन किया गया। पुतला दहन से पहले रामलीला के मंच पर राम–रावण के बीच युद्ध का मंचन किया गया। इस दौरान ग्राम मेढ़की सहित आस पास के ग्रामीण बड़ी सख्या में उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411